हरिभूमि
# महेन्द्रगढ़-नारनौल भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 19 दिसंबर 2025

11 सैंड ऑफ आर्ट शो के माध्यम से दिखाई छोटे वीर...



12 उचित संरक्षण के अभाव में कूड़ाघर बन रही ताजपुर...



### मरीजों के लीवर, किडनी और रोग प्रतिरोधक क्षमता को नुकसान

# झोलाछाप डॉक्टरों ने प्रसिद्धि पाने के लालच में एंटीबायोटिक दवाइयों का इस्तेमाल बढ़ाया

**विश्व स्वास्थ्य संगठन के प्रतिबंद के बावजूद जुकाम से लेकर गंभीर बीमारियों तक के इलाज में हाइडोज एंटीबायोटिक दवाइयों को बनाया हथियार, मेडिकल स्टोरों पर खुलेआम बिक्री**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नांगल चौधरी

स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने दवा विक्रेताओं को निर्धारित मापदंड तथा नियमों की पालना के निर्देश दिए हैं। उन्हें चिकित्सकों की पर्ची पर ही दवा बेचने तथा जैनरिक दवाइयों की सूची सार्वजनिक रखने की हिदायत दी है। बावजूद अधिकांश मेडिकल स्टोरों पर विभागीय निर्देशों की पालना नहीं होती, सरेआम बिना चिकित्सक की पर्ची के दवाइयां उपलब्ध हो रही हैं। सबसे ज्यादा एंटीबायोटिक टेबलेट बिक रही हैं जिनसे मरीजों को लीवर, किडनी तथा रोग प्रतिरोधक क्षमता खराब होने का खतरा बढ़ गया है। रिपोर्ट मिलने पर डब्लूएचओ ने एंटीबायोटिक दवाइयों पर प्रतिबंद लगा दिया, केवल चिकित्सकों की निगरानी में कम डोज की अनुमति है। किंतु धरातल पर विभाग व डब्लूएचओ के दिशा-निर्देश मजाक बने हुए हैं।

स्वास्थ्य विभाग ने पांच हजार की आबादी पर उप स्वास्थ्य केंद्र तथा 10 हजार की आबादी पर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र स्थापित कर रखे हैं। पीएचसी में महिला चिकित्सक समेत दो डॉक्टर तथा अन्य कर्मियों की पोस्ट सैंक्सन हैं, बीते दिनों भर्ती प्रक्रिया पूरी होने के बाद सभी पोस्ट फ्लिप भी हो चुकी। लेकिन ग्रामीण पीएचसी पर मरीज ईलाज कराने को तैयार नहीं, क्योंकि यहां मरीजों को तत्काल राहत नहीं मिलती और चार/पांच दिन तक दवाई खाने के बाद दुसरी अस्पताल की तलाश करने लगते हैं। दूसरी तरफ झोलाछाप डॉक्टरों की क्लीनिकों पर मरीजों की भीड़ नहीं टूटती। क्योंकि यहां अधिकतर मरीज दवाई की दो या तीन खुराक में स्वस्थ्य हो जाते हैं। इसके बाद स्वस्थ्य हुए मरीज उक्त क्लीनिक और डॉक्टरों की तारीफ करके अन्य मरीजों को भी यहीं इलाज कराने के लिए प्रेरित करते हैं। जिस कारण विभागीय प्राथमिक सेंटरों की 10/15 ओपीडी की संख्या तक सिमटने लगी है। कई गांवों में झोलाछाप डॉक्टरों ने मरीजों को ग्लूकोज, आंखों की जांच तथा अन्य बीमारियों का चेकअप करना शुरू कर दिया। वे पहले एंटीबायोटिक दवाई के प्रभाव से मरीज को स्वयं स्वस्थ्य करने के प्रयास करते हैं। हालात नाजुक होने पर निजी अस्पताल में उपचार कराने की सलाह देते हैं, जहां कमीशन तक वसूली करने की चर्चाएं हैं। शिकायत मिलने पर स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने कड़ा संज्ञान लेते हुए दवा विक्रेताओं को चिकित्सक की पर्ची पर ही दवा बेचने तथा जैनरिक दवाइयों को अंकित करके रखने की हिदायत दी है। विभागीय अधिकारियों को नियमित रूप से चैकिंग करने तथा प्रतिबंधित दवाइयां मिलने पर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। हालांकि बीते साल डब्लूएचओ ने एंटीबायोटिक दवाई पर शोध कराया था। जिसमें पाया कि एंटीबायोटिक का अंधाधुंध इस्तेमाल शारीरिक अंगों व रोगप्रतिरोधक क्षमता को कमजोर करती है। डब्लूएचओ द्वारा प्रतिबंद लगाने पर विभाग ने एंटीबायोटिक कम यूज करने का अभियान चलाया था।

**चिकित्सक की पर्ची बिना बिक रही दवाइयां**

स्वास्थ्य विभाग के निर्देशानुसार मेडिकल संचालक चिकित्सक की पर्ची पर ही मरीज को दवाई मुहैया करवा सकते हैं। पूरी बिक्री का रिकार्ड भी रखना अनिवार्य है। किंतु अधिकतर मेडिकलों पर मरीज बीमारी का नाम बताकर दवाई मांगते हैं और उन्हें तुरंत मुहैया करवा दी जाती है। अनावश्यक दवाइयां खाने से मरीजों को आर्थिक नुकसान तथा स्वास्थ्य समस्याओं का सामना करना पड़ने लगा है।

**हैवी डोज लेने वाले मरीजों पर नॉर्मल दवाई असर नहीं करती**

विभागीय सूत्रों की मानें तो झोलाछाप डॉक्टर जुकाम, बुखार, घाव भरने तथा अन्य बीमारियों के इलाज में हैवी डोज एंटीबायोटिक दवाई का इस्तेमाल करते हैं। जिस कारण शरीर धीरे-धीरे उसी दवा का आदि हो जाएगा, एक समय बाद इस लेवल की डोज बेअसर होने लगती है। इसके बाद और हैवी डोज से ही राहत मिलना संभव हो पाएगा। जिससे मरीजों को किडनी, लीवर व अन्य गंभीर समस्याओं से जूझना पड़ सकता है।

**स्वास्थ्य रक्षक बैक्ट्रिया को नुकसान देती है एंटीबायोटिक**

सीएचसी के एसएमओ डॉ. अशोक कुमार ने बताया कि एंटीबायोटिक दवा के अधिक सेवन से शरीर में स्वास्थ्य रक्षक बैक्ट्रिया को क्षति होती है। जिस कारण मरीज जल्द-जल्द बीमार होने लगेगा और एंटीबायोटिक दवाई धीरे-धीरे बेअसर होने लगेगी। इसलिए अच्छे डॉक्टर इस दवा का बहुत कम इस्तेमाल करते हैं। उन्होंने कहा मेडिकल संचालक बिना डॉक्टर की पर्ची के एंटीबायोटिक या गंभीर बीमारियों की दवा नहीं बेच सकते। शिकायत मिलने पर कार्रवाई की जाती है।

## खबर संक्षेप

### बिलिंग संबंधित बिजली उपभोक्ता दरबार आज

**नारनौल।** बिजली निगम की ओर से बिलिंग संबंधित उपभोक्ताओं की शिकायत सुनने के लिए 19 दिसम्बर को दरबार लगेगा। कार्यकारी अभियंता कार्यालय में इसके लिए सुबह 10 से 11 बजे तक 50 हजार तक के बिलिंग से संबंधित सीजीआरएफ शिकायतें सुनी जाएगी। उपभोक्ता एक प्रार्थना पत्र और बिल की कॉपी लेकर आए और अपने बिल संबंधी पक्ष रखें।

### अधिवताओं ने रखा एक दिन का वर्क सस्पेंड

**कनीना।** हाल ही में पंजाब पुलिस द्वारा हिसार की सीआईए-1 के खिलाफ केस दर्ज करने के मामले में पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय बार एसोसिएशन और पंजाब और हरियाणा के संबंधित जिला बार एसोसिएशन के आह्वान पर कनीना कोर्ट में अधिवक्ताओं ने बृहस्पतिवार को एक दिन का वर्क सस्पेंड रखकर विरोध जताया। कनीना बार एसोसिएशन के प्रधान मंजीत यादव ने बताया कि एफआईआर फिलहाल अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ दर्ज की गई है। लेकिन अधिकारियों की संलिप्तता जताई जा रही है। इस मौके पर कनीना बार एसोसिएशन के सदस्य उपस्थित थे।

### चेन स्नेचिंग के मामले में आरोपित गिरफ्तार

**महेंद्रगढ़।** पुलिस अधीक्षक पूजा वशिष्ठ के निर्देशानुसार कार्रवाई करते हुए पुलिस ने कृष्णा कॉलोनी में हुई चेन स्नेचिंग की वारदात को सुलझाते हुए एक शातिर अपराधी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान विक्रम वासी रसनाली कोटपूतली के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपित से 60 हजार रुपये की नकदी बरामद की है। पुलिस प्रवक्ता सुमित कुमार ने बताया कि यह मामला 29 सितंबर को दर्ज किया गया था। कृष्णा कॉलोनी निवासी प्रवीण कुमारी ने शिकायत दी थी कि बाइक सवार दो युवकों ने उनके घर के बाहर से उनके गले से सोने की चेन छीन ली थी। आरोपित विक्रम एक आदतन अपराधी है।

# बदमाशों के बीच झगड़ा, डंडों से बुरी तरह विक्की डोहर के पैरों में मारी गहरी चोटें

**नसीबपुर के पास बाइक व गाड़ियों में सवार करीब 20 बदमाशों ने विक्की डोहर पर किया ताबड़तोड़ हमला, जयपुर में चल रहा इलाज**

नारनौल से जयपुर घायल के बयान लेने गई पुलिस, बयान के बाद ही पुलिस करेगी आगामी कार्रवाई



विक्की डोहर।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

शहरी क्षेत्र गांव नसीबपुर में बुधवार शाम दो बदमाशों के बीच झगड़ा हो गया। बताया जा रहा है कि एक पक्ष से करीब 20 बदमाश थे और दूसरे पक्ष से एक ही था। उसे बुरी तरह डंडों से पिटा गया। उसके पैर व घुटनों में अधिक चोट लगी है। वारदात के बाद हमलावार भाग गए। घायल को निजी अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया। परिजन घायल को जयपुर लेकर गए है। बताया जा रहा है कि पुलिस घायल के बयान लेने जयपुर गई थी। समाचार लिखे जाने तक बयान नहीं हुए थे। पुलिस घायल के बयान मिलने का इंतजार कर रही है।

**इस तरह दिया वारदात को अंजाम**

गैंगस्टर सुरेंद्र उर्फ चीकू का साथी विक्की डोहर है। इस पर कई मुकदमें दर्ज है। बताया जा रहा है कि बुधवार शाम विक्की डोहर नसीबपुर में जेठू बाबा मंदिर के पास आया था। हमलावरों ने अंधेरे होने का इंतजार किया और जब अंधेरा हुआ तो विक्की डोहर पर हमला कर दिया। जहां यह हमला हुआ वहां अंधेरा अधिक था और आस–पास सीसीटीवी कैमरे भी नहीं लगे बताए जा रहे है। पेशेवर बदमाशों की तरह लाठी डंडों से पैर व घुटनों पर ही ज्यादा वार किए ताकि लंबे समय तक बिस्तर पर आराम करना पड़े। यह बदमाश बाइक व गाड़ी में सवार होकर आए थे और इनकी संख्या 20 के करीब बताई जा रही है। चर्चा यह भी रही कि गोली चलाई गई। इस पर पुलिस इनकार कर रही है। इस पूरी वारदात को प्लानिंग के तहत अंजाम दिया गया। हमलावरों में जिनका नाम सामने आ रहा है, उनमें एक नारनौल शहर व दूसरा महेंद्रगढ़ क्षेत्र के गांव का बताया जा रहा है। वारदात के बाद घायल को निजामपुर रोड स्थित प्राइवेट अस्पताल में ले जाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद घायल के साथी व परिजन रात को ही उसे जयपुर लेकर रवाना हो गए।

## गांवड़ी जाट-निजामपुर सड़क मार्ग धंसने से दुर्घटना का मंडराया खतरा, रिपेयर की मांग



निजामपुर। गांवड़ी बस स्टैंड के नजदीक सड़क पर जानलेवा हादसों को निमंत्रण देता गड्ढा।

**निजामपुर।** निजामपुर-नांगल चौधरी सड़क मार्ग गांवड़ी जाट बस स्टैंड पास धंस गया। यह गड्ढा वाहन चालकों को दूर से दिखाई नहीं देता, जिससे दुर्घटना का खतरा बना हुआ है। चिंतित ग्रामीणों ने विभागीय अधिकारियों को क्षतिग्रस्त सड़क से अवगत करवा दिया, बावजूद रिपेयर प्रक्रिया अटकी हुई है। जिससे आक्रोशित लोगों ने उपायुक्त से क्षतिग्रस्त सड़क की रिपेयर कराने की गुहार लगाई है।

बिक्रम सिंह, विनोद कुमार, महेशचंद, आकाश कुमार, चंद्रभान, हजारीलाल ने बताया कि विभाग ने बीते साल सड़क मार्ग की रिपेयर कराई थी। लेकिन रिपेयर प्रक्रिया में उच्च क्वालिटी का मैटेरीयल नहीं लगाया जिस कारण सड़क उखड़नी और धंसनी आरंभ हो गई है। गांवड़ी जाट से निजामपुर की तरफ पैट्रोल पंप के सामने करीब पांच महीने से तीन फीट गहरा गड्ढा है जो चालकों को दूर से दिखाई नहीं देता है। ऐसे में आए दिन बाइकों की दुर्घटना होने लगी हैं। स्पीड तेज होने के कारण लोग गंभीर रूप से घायल हो चुके, बीते दिनों नांगल दुर्गू निवासी युवक का पैर भी टूट चुका है। परेशान ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से सड़क पर हादसे को निमंत्रण दे रहे गड्ढे को भरने की मांग की है।

**पुलिस ने मामले की जांच शुरू की**

# क्षेत्र में घटित अलग–अलग दुर्घटनाओं में तीन लोगों की मौत

- 31 वर्षीय नवीन यादव ने कोई जहरीला पदार्थ पीया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

क्षेत्र में घटित हुई अलग–अलग घटनाओं में तीन लोगों की मौत हो गई। पुलिस आवश्यक कार्रवाई में जुटी है। जानकारी के अनुसार अलवर जिला के गांव नायसुराणा निवासी करीब 31 वर्षीय नवीन यादव ने कोई जहरीला पदार्थ पी लिया, जिससे संदिग्ध परिस्थितियों में उसकी मौत हो गई। जहरीला पदार्थ पीने पर परिजन उसे उपचार के लिए अस्पताल लेकर गए, लेकिन उसकी मौत हो गई। मृतक शादीशुदा था और उसकी करीब एक साल की बिटिया है। पुलिस ने परिजनों के बयान पर कार्रवाई करने उपरांत शव नागरिक अस्पताल से पोस्टमार्टम करा उसे परिजनों को सौंप दिया।

**सड़क हादसे में मौत**

नारनौल–सिंघाना रोड पर खटोटी मोड़ के समीप गांव खोड़मा निवासी करीब 38 वर्षीय आजाद सिंह सड़क हादसे का शिकार हो गया, जिससे उसकी मौत हो गई। भाई दीपक ने बताया कि आजाद बाइक द्वारा गांव से खटोटी जा रही थी, जबकि सामने से एक ट्रैक्टर आ रहा था और उसमें चैनल रखे हुए थे। अचानक ट्रैक्टर वाले ने टक्कर मार दी तथा चोटें लगने से आजाद की मौत हो गई। वह शादीशुदा था और उसके छोटे–छोटे बच्चों में दो लड़की एवं एक लड़का हैं। पुलिस ने परिजनों के बयान पर कार्रवाई करने उपरांत शव का नागरिक अस्पताल से पोस्टमार्टम करा उसे परिजनों को सौंप दिया।

**बुजुर्ग की मौत**

इसी प्रकार नागरिक अस्पताल के समीप बनी अनाज मंडी के गेट पर एक वृद्ध व्यक्ति अचानक गिर पड़ा। आसपास के लोगों एवं पुलिस ने उसे तुरंत ही निजी वाहन से नजदीक बने अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। कांस्टेबल रमेश ने बताया कि वे दोपहर को मंडी के सामने से गुजर रहे थे। तब एक बुजुर्ग को सड़क पर गिरे हुए देखा। उसके पास तीन–चार लोग भी खड़े थे। बुजुर्ग ने खून की उल्टी कर रखी थी, जिस पर उसे शीघ्रता से अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बुजुर्ग की पहचान नहीं होने के कारण शव को अस्पताल की मोर्चरी में रखा गया है। उसकी आयु करीब 65 वर्ष है।

**पॉलिसी से तकनीकी कर्मचारियों पर शारीरिक व मानसिक प्रभाव पड़ रहा**

# ऑनलाइन पॉलिसी के विरोध में बिजली कर्मचारियों का दो घंटे चला धरना-प्रदर्शन

- यूनिट सचिव प्रमोद ने ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी के दुष्परिणामों के बारे में दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

केंद्रीय परिषद हरियाणा स्टेट इलेक्ट्रीसिटी बोर्ड वर्कर यूनियन के आह्वान पर नारनौल डिविजन के प्रांगण में ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी के विरोध में यूनिट स्तर का दो घंटे का धरना–प्रदर्शन दूसरे दिन भी जारी रहा। अध्यक्षता पूर्व संगठनकर्त्ता सुभाष रोहिल्ला ने की। मंच संचालन जेई अशोक यादव ने किया।

धरने को संबोधित करते हुए यूनिट सचिव प्रमोद शर्मा ने ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी के दुष्परिणामों के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि इस पॉलिसी से तकनीकी कर्मचारियों के शारीरिक व मानसिक प्रभाव पड़ता है, जिससे वह अपने कार्य को सही ढंग से नहीं कर पाएगा और फील्ड में दुर्घटनाएं अधिक होती हैं। इस धरना–प्रदर्शन में यूनिट प्रधान सत्यप्रकाश यादव, सब अर्बन से चंद्रजीत, सिटी सब यूनिट से सुरेंद्र यादव, सीटी 2 से प्रधान जितेंद्र चौधरी, सब यूनिट सिहमा से विनित शर्मा, सब यूनिट अटेली से बलवान, उपप्रधान राकेश कुमार, चेयरमैन ललित सिंह, संगठनकर्त्ता प्रेमपाल, जितेंद्र शर्मा, जेई सत्यवीर, जेई प्रवीण, एएफएम राजेंद्र, जेई शेरसिंह, एएफएम भगवान दास, एएफएम रामानंद, एएफएम हरपाल, एएलएम प्रवीण, एएलएम अशोक, एएलएम ऋषि, एएलएम महिपाल, एएलएम राजेंद्र, एसए प्रीत्तमपाल, एएलएम हरिओम समेत अनेक कर्मचार मौजूद रहे।



नारनौल। ऑनलाइन पॉलिसी के विरोध में नारेबाजी करते बिजली कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

# एसडीएम ने स्कूल का औचक निरीक्षण कर की मिड-डे मील की जांच

- भोजन की गुणवत्ता या स्वच्छता में कमी पाई गई तो संबंधित कर्मचारियों के खिलाफ की जाएगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नांगल चौधरी

एसडीएम उदय सिंह ने वीरवार राजकीय कन्या माध्यमिक विद्यालय अमरपुरा में औचक निरीक्षण कर प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना (मिड-डे मील) के तहत बच्चों को दिए जाने वाले भोजन की गुणवत्ता और स्कूल की सामान्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

एसडीएम ने स्वयं मिड-डे मील का स्वाद चखा और भोजन की शुद्धता व पौष्टिकता की जांच की। उन्होंने निर्देश दिए कि बच्चों को हमेशा ताजा और गर्म भोजन ही परोसा जाए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने छात्रों से भी बातचीत की और उनसे मिल रहे भोजन व शिक्षा की गुणवत्ता के बारे में फीडबैक लिया। उन्होंने कहा कि सरकार शिक्षा के साथ-साथ बच्चों के स्वास्थ्य पर भी विशेष ध्यान दे रही है। भोजन की गुणवत्ता या स्वच्छता में कमी पाई गई तो संबंधित कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।





नारनौल। मिड–डे मील की जांच करते एसडीएम उदय सिंह। फोटो : हरिभूमि

**अतिक्रमण नहीं हटाने वाले दुकानदारों के खिलाफ की जाएगी सख्त कार्रवाई**

# नपा की विशेष टीम आज चला सकती है अतिक्रमण हटाओ अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

नगर पालिका प्रशासन की ओर से शुक्रवार को एक बार फिर से अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया जाएगा। जिसको लेकर नपा प्रशासन की ओर से विशेष टीमों का गठन किया गया। बता दें कि शहर को अतिक्रमण मुक्त व स्वस्थ बनाए रखने के लिए नगर पालिका प्रशासन व स्थानीय व्यापारियों के बीच सहमति बनी थी। जिसके तहत व्यापारियों व दुकानदारों को अतिक्रमण हटाने के लिए 18 दिसंबर का समय दिया गया था, जो वीरवार को पूरा हो गया। ऐसे में शुक्रवार को शहर में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाए जाने की पूरी संभावना है।

बता दें कि शहर को अतिक्रमण मुक्त बनाने के लिए नगर पालिका प्रशासन ने व्यापारियों को चेतावनी दी हुई है कि दुकानदार अपनी दुकानों के बाहर सड़क व फुटपाथ पर सामान रखकर अतिक्रमण न करें। ऐसे में व्यापारियों को अपना सामान सीमित रखना होगा। इसके साथ ही दुकानों के बाहर या ऊपर लगाए गए अवैध टीनशेड को हटाने के आदेश दिए गए हैं। जिसके लिए प्रशासन ने व्यापारियों को 18 दिसंबर तक का समय दिया था, ताकि वे स्वयं अपना अतिक्रमण हटा लें। यदि 19 दिसंबर तक अतिक्रमण नहीं हटाया गया, तो ड्यूटी मजिस्ट्रेट के नेतृत्व में गठित चार विशेष टीमें पुलिस बल के साथ पूरे शहर में सफाई अभियान चलाएंगी।



नपा प्रशासन व व्यापारियो की बैठक में शहर को साफ-सुथरा करने का निर्णय

नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ की जाएगी भारी दंडात्मक कार्रवाई

ड्यूटी मजिस्ट्रेट के नेतृत्व में चार टीमें चलाएंगी अभियान

शहर के बाहर सामान रखने पर पाबंदी

इन मार्गों पर भी रहेगी विशेष नजर

- नगर पालिका प्रशासन ने दुकानदारों व व्यापारियों को दिया था 18 दिसंबर तक का समय

**महेंद्रगढ़।** 18 दिसंबर को दैनिक हरिभूमि में प्रकाशित समाचार।

**इन स्थानों पर चलाया जाएगा अतिक्रमण हटाओ अभियान**

नपा प्रशासन की ओर से शुक्रवार को मुख्य रूप से रेलवे रोड, सिनेमा रोड, गोशाला रोड, गंगा देवी अस्पताल मार्ग, राव तुलाराम चौक, स्टेट हाइवे 148 बी पर महाराजा शूर सैनी चौक से रिवासा फ्लाईओवर तक अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया जाएगा। नपा प्रशासन ने लोगों ने अपील की है कि व्यापारी अतिक्रमण मुक्त महेंद्रगढ़ बनाने में अपना सहयोग दें, ताकि शहर को सुंदर व अतिक्रमण मुक्त बनाया जा सके।



क्रिसमस का अवसर हो और रेड ड्रेस पहने, लंबी सफेद दाढ़ी वाले तुम सबके फेवरेट सांता क्लॉज का जिक्र ना आए, ऐसा कैसे हो सकता है! सांता क्लॉज, दूसरों के साथ प्यार-खुशी बांटने का संदेश देते हैं। इसके अलावा और भी बहुत-सी अच्छी बातें हैं, जो तुम अपने प्यारे सांता से सीख सकते हो, खुद भी किसी के सांता बन सकते हो।

# प्यारे सांता क्लॉज से सीखो ये अच्छी-प्यारी बातें

फेस्टिव मैसेज
डॉ. मोनिका शर्मा

बच्चो, क्रिसमस पर तुमको सबसे ज्यादा बेसब्री से इंतजार रहता है, ढेरों गिफ्ट बांटने वाले क्यूट से सांता क्लॉज का, है न! दुनिया भर के बच्चों के फेवरेट सांता, न केवल सब पर प्यार बरसाते हैं, सबकी मदद भी करते हैं। इसीलिए सबका प्यार पाते भी हैं। सबको गिफ्ट के रूप में खुशियां बांटने वाले सांता, बहुत गुणी भी हैं। उनकी कई गतिविधियां और गुण बहुत प्रेरणादायी हैं। अगर तुम ध्यान दो तो इनसे बहुत सी अच्छी-अच्छी बातें और बर्ताव सीख सकते हो। हंसी-खुशी क्रिसमस का पर्व मनाते हुए सांता क्लॉज की इन बातों के बारे में तुमको जरूर जानना चाहिए।

## सबकी मदद के लिए तत्पर

सांता का मन बहुत उदार है। वे खुले दिल से सबकी मदद करते हैं। सांता जब खुशियां बांटने निकलते हैं तो कोई ऊंच-नीच नहीं देखते। बिना किसी भेदभाव के उपहार बांटकर उनका मन आनंदित होता है। इससे पता चलता है कि सांता दयालुता और दूसरों की भलाई को बहुत अहम मानते हैं। खासकर बच्चे तो उन्हें बहुत प्रिय हैं। तभी तो क्रिसमस पर सांता हर बच्चे के लिए गिफ्ट छोड़ जाते हैं। तुम सबकी जरूरतों और इच्छाओं को समझते हैं। उनके व्यवहार के इस सुंदर पहलू से तुम भी नेकी की राह पर चलना सीख सकते हो। अपने आस-पास के लोगों की छोटी-छोटी इच्छाओं को समझकर उनके मददगार बन सकते हो।



## कायम रखो भरोसा

सांता क्लॉज, किसी का भरोसा ना तोड़ने और उम्मीदों पर खरे उतरने की बहुत प्यारी-सी बात भी सिखाते हैं। साथ ही यह भी समझाते हैं कि हमें खुद भी हर परिस्थिति में आशावान रहना चाहिए। सांता, बच्चों के विश्वास पर खरा उतरने के लिए उन तक पहुंचने का हर संभव प्रयास करते हैं। बच्चों की चाहत वाले पत्र (विश लेटर) पढ़ते हैं। प्रार्थनाएं सुनकर उन्हें पूरा करते हैं। सबसे बड़ी बात यह है कि वे बदले में किसी से कोई उम्मीद नहीं रखते। वे किसी का भरोसा नहीं तोड़ते हैं। बच्चो, घर के बड़े हों या टीचर्स, तुम्हारे लिए उनके मन में भी बहुत भरोसा होता है। अच्छी बातें सीखने का भरोसा, गलत रास्ते पर न चलने का भरोसा। बुरी भाषा और बर्ताव से बचने का भरोसा। तुम्हें उनके विश्वास को कभी नहीं तोड़ना चाहिए। बड़े होने पर यही अच्छी और सच्ची बातें तुम्हारे व्यक्तित्व को भी बहुत प्यारा और प्रभावी बना देंगी।



## सबके प्रति समानता का भाव

बच्चो, सहायता के भाव के साथ समानता की सोच भी जरूरी है। यह बात भी सांता से सीखी जा सकती है। सांता अपनी पोटली में हर देश, हर वर्ग के बच्चों के लिए उपहार लेकर निकलते हैं। हर कल्चर और हर बैकग्राउंड के बच्चों को त्योहार की सौगात देते हैं। असल में सबकी भलाई का भाव लिए सांता का व्यवहार हर तरह से अच्छा बनने की ही प्रेरणा देता है। इसीलिए सांता क्लॉज से दया, ईमानदारी और मानवीय भावों को समझने की प्यारी सीख जरूर लेनी चाहिए।

## अनुशासन और समर्पण

सांता क्लॉज अनुशासन की भी सीख देते हैं। साथ ही अपने काम को लेकर उनका समर्पण भी कमाल का है। दुनिया भर के बच्चों तक उपहार पहुंचाने की जिम्मेदारी निभाने वाले सांता, हमें यह भी समझाते हैं कि किसी भी काम को करने का मन बना लिया जाए तो कुछ भी मुश्किल नहीं। कहा जाता है कि सांता पूरे साल बच्चों के लिए खिलौने बनाते हैं। क्रिसमस की रात उन्हें दुनिया के हर कोने में रहने वाले प्यारे बच्चों तक पहुंचाते हैं। क्रिसमस पर कई देशों में कड़ाके की ठंड पड़ती है। कहीं बर्फीले तूफान चलते हैं। बावजूद इसके सांता अपने काम को पूरा करते हैं, पूरी लगन से अपनी यह जिम्मेदारी निभाते हैं। जिस तरह से सांता अनुशासित होकर समर्पण से अपना काम सफलतापूर्वक पूरा करते हैं, उसी तरह अच्छे से पढ़ाई करने की बात हो या अपनी पसंद के किसी खेल में माहिर होना हो। आलस्य पर जीत हासिल करना हो या अपनी हेल्थ का खयाल रखना हो। बच्चो, समर्पण और अनुशासन से सब कुछ किया जा सकता है। यह कभी न भूलो कि किसी लक्ष्य को पाने के लिए, टाइम मैनेजमेंट, डिसिप्लीन और डेडिकेशन सबसे जरूरी होता है। यह खुद को ही नहीं अपने मम्मी-पापा, टीचर्स और फ्रेंड्स सभी को खुशी देने वाला गुण है।

## अपना ध्यान रखने की प्रेरणा

दूसरों को खुशियां बांटने की सीख के साथ-साथ खुद अपनी देखभाल की समझ भी प्यारे सांता हमें देते है। दुनिया भर में गिफ्ट की डिलिवरी करते सांता, व्यस्तता में भी ब्रेक लेना नहीं भूलते। क्रिसमस पर जो तुम सांता के लिए दूध का गिलास और कुकीज घर के बाहर रखते हो, उन्हें खाने-पीने के लिए वे थोड़ा रुकते हैं, सुस्ताते हैं। यानी अपना खयाल भी रखते हैं सांता।



बच्चो, क्रिसमस पर सांता, खुशियों का संदेश बांटते हुए ही घूमते हैं। तुम उनसे हमेशा खुश रहने और खुशियां बांटने का पाठ सीख सकते हो। *

सेलिब्रेशन / पुष्पेश कुमार पुष्प

# क्रिसमस से जुड़ी कुछ रोचक परंपराएं



इन दिनों पूरी दुनिया में क्रिसमस मनाने की तैयारी हो रही है। क्या तुमको पता है कि इस फेस्टिवल को कुछ देशों में बहुत अलग-रोचक तरीके से मनाया जाता है? इनमें से कुछ रोचक परंपराओं के बारे में तुम्हें यहां बता रहे हैं।

बच्चो, क्रिसमस का त्योहार पूरी दुनिया में हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। कई देशों में क्रिसमस के साथ रोचक परंपराएं भी जुड़ी हुई हैं। विभिन्न देशों में क्रिसमस मनाने का अपना अलग-अलग तौर-तरीका भी है।

**सड़कों को सजाते हैं:** पश्चिमी देशों में क्रिसमस के अवसर पर चर्च और इसके आस-पास की सड़कों को आकर्षक ढंग से सजाया जाता है। जगह-जगह तोरण द्वार बनाए जाते हैं एवं इन द्वारों के ऊपर क्रिसमस ट्री की डालियां सजाई जाती हैं। 'मैरी क्रिसमस' लिखे बैनर और होर्डिंग्स भी इन तोरण द्वारों पर लगाए जाते हैं।

**लगाते हैं देव प्रतिमा:** इंग्लैंड में क्रिसमस के अवसर पर क्रिसमस ट्री के पास देव प्रतिमा लगाने की परंपरा है। इस परंपरा की शुरुआत 19वीं सदी के मध्य में इंग्लैंड के तत्कालीन राजकुमार एल्बर्ट ने की थी। क्रिसमस वृक्ष पर देव प्रतिमा लगाने की परंपरा को बाद में कई देशों ने भी अपना लिया।

**आतिशबाजी और झांकियां:** क्रिसमस पर आतिशबाजी करने की परंपरा की शुरुआत सर्वप्रथम फ्रांस में हुई। बाद में क्रिसमस के मौके पर आतिशबाजी करने की इस परंपरा को अधिकतर देशों ने अपना लिया। अन्य देशों की तरह फ्रांस के निवासी भी मध्यरात्रि में चर्च में प्रार्थना करते हैं और सुबह संत निकोलस की प्रतिमा की झांकी निकालते हैं।

**पुडिंग बनाते-खाते हैं:** पुराने समय में क्रिसमस के अवसर पर आलू बुखारे से व्यंजन बनाए जाते थे। बाद में इस व्यंजन के तर्ज पर ही पुडिंग बनाने की परंपरा की शुरुआत हुई। अब लगभग सभी देशों में क्रिसमस के मौके पर पुडिंग बनाए जाते हैं।

## लगाते हैं क्रिसमस ट्री

नीदरलैंड में क्रिसमस के मौके पर क्रिसमस ट्री लगाने की परंपरा है। साथ ही यहां के छोटे-छोटे बच्चे अपने हाथों में रंग-बिरंगे फूलों का गुलदस्ता और स्मॉल क्रिसमस ट्री लेकर चर्च जाते हैं। वहां ये फादर यानी चर्च के पादरी को गिफ्ट करते हैं और क्रिसमस की शुभकामनाएं देते हैं।



**बच्चे-बड़े करते हैं एंज्वॉय:** ऑस्ट्रेलिया के लोग क्रिसमस के मौके पर समुद्र के किनारे जाते हैं और वहां बालू से खेलते हैं, एंज्वॉय करते हैं। मैक्सिको में क्रिसमस के अवसर पर बच्चों की आंखों पर पट्टियां बांध दी जाती हैं और फिर उन्हें मिट्टी के बर्तन तोड़ने के लिए कहा जाता है, जो उनसे कुछ दूर रखे होते हैं। इन बर्तनों में मिठाइयां या कुकीज भरी होती हैं। बर्तन टूटने के बाद ये मिठाइयां बच्चों में बांट दी जाती हैं। *

तुम्हारे लिए नई किताब / समीर गांगुली

# हिंदी में पढ़ो जापानी कहानियां



प्यारे बच्चो, इस बार हम तुम्हें जापानी भाषा में लिखी गई पांच कहानियों की एक किताब के बारे में बता रहे हैं, जिसका हिंदी अनुवाद अभी छपकर आया है। इस किताब का शीर्षक 'अचरज ग्रह की दंतकथा' है। इसके लेखक हैं ताजिमा शिंजी। बच्चो, जब हम दूसरे देशों में लिखी गई कहानियों को पढ़ते हैं तो अलग भौगोलिक तथा सामाजिक परिस्थितियों से परिचित होते हैं। हमारी कल्पना शक्ति को और विस्तार मिलता है। यहां भी बिलकुल ऐसा ही है। बड़ी निराली कहानियां हैं पांचों। पहली कहानी, एक लोमड़ी के आदमी बनकर पछताने की रोचक कहानी है। दूसरी कहानी, आकाशगंगा के एक छोटे से ग्रह के लोगों के हमारी पृथ्वी के प्रति आकर्षण और हमसे उनकी उम्मीद की कहानी है। बाकी तीन कहानियां भी तुम्हें अलग-अलग दुनिया में ले जाएंगी। ये कहानियां हम सभी से अच्छा इंसान बनने की उम्मीद करती हैं। ये सभी कहानियां तुमको जरूर पसंद आएंगी। *

**किताब:** अचरज ग्रह की दंतकथा (जापानी कहानियां), **लेखक:** ताजिमा शिंजी, **हिंदी अनुवाद:** हरीश नारंग, **मूल्य:** 75 रुपए, **प्रकाशक:** साहित्य अकादमी, नई दिल्ली

## बूझो तो जानें



1 आधी रात को घर में आता
उपहारों का थैला लाता
बच्चों के तकिए के नीचे
चुपके से उनको सरकाता

2 पेड़ सजाते पेस्ट्री खाते
सब मिल-जुलकर कर कैरल गाते
झूम-झूमकर नाच-नाचकर
जन्मदिवस एक खास मनाते

3 चीड़ कहो या देवदार
यह पेड़ है सदाबहार
इस पर हम उपहार सजा कर
खूब मनाते हैं त्योहार

- आशा शर्मा

उत्तर : 1.सांता क्लॉज, 2.क्रिसमस, 3.क्रिसमस ट्री

## जीके क्विज-184



1. हाल ही में किस भारतीय त्योहार को यूनेस्को की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत की सूची में शामिल किया गया है?
2. टेस्ट, ओडीआई और टी-20 क्रिकेट में 100 विकेट लेने वाले पहले भारतीय खिलाड़ी कौन बने हैं?
3. भारत रत्न से सम्मानित पहले विदेशी नागरिक कौन थे?
4. स्टैच्यू ऑफ यूनिटी भारत के किस राज्य में स्थित है?
5. भारत का अंतिम वायसराय कौन था?
6. हीराकुंड बांध किस राज्य में स्थित है?
7. उज्जैन किस नदी के किनारे बसा है?
8. वर्ष का सबसे छोटा दिन और सबसे बड़ी रात किस तारीख को होती है?
9. हाल ही में किस भारतीय महिला रेसलर ने संन्यास से वापसी की घोषणा की है?
10. मूर्ति देवी पुरस्कार किस क्षेत्र में प्रदान किया जाता है?

**बच्चो, जीके क्विज-184 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें balbhoomihb@gmail.com पर मेल कर सकते हो।**

**जीके क्विज-183 का उत्तर :** 1.गुजरात, 2.मंगूभाई छगनभाई पटेल, 3.फॉर्मिक एसिड, 4.शतरंज, 5.इंडोनेशिया, 6.पेरिस, 7.मौलाना अबुल कलाम आजाद, 8.एडोल्फ हिटलर, 9.पेडोलॉजी, 10.नाइट्रोजन

**जीके क्विज-183 का सही उत्तर देने वाले :** चेतन-बालोद, देवेश-रायपुर, हर्ष-बिलासपुर, अंचित-दुर्ग, कन्हैया-महासमुंद, प्रवीण-रोहतक, हर्षिता-बलौदा बाजार, केशव-भोपाल, कनिष्क-धमतरी, प्रियांशु-हिसार, लक्ष्य-मटियारी



कहानी
हरीश कुमार 'अमित'

क्रिसमस सेलिब्रेशन के लिए पीटर ने खूब सारी शॉपिंग की प्लानिंग की थी। लेकिन शॉपिंग के लिए जब वह अपने दोस्त माइकल और उसकी मम्मी के साथ मार्केट जा रहा था तो उसने कुछ सोचकर अपनी प्लानिंग ही बदल दी। ऐसा क्या हुआ कि पीटर की शॉपिंग प्लानिंग बदल गई।

# क्रिसमस की खुशियां


एआई इमेज

शाम को अपने दोस्तों के साथ खेलकर पीटर कुछ जल्दी घर लौट रहा था। वह बड़ा उत्साहित था क्योंकि अगले दिन क्रिसमस था। इसीलिए आज उसे अपनी मम्मी के साथ क्रिसमस की खरीदारी करने बाजार जाना था। अपने घर पहुंचकर उसने बेल बजाई, लेकिन मम्मी को दरवाजा खोलने में थोड़ी देर लग गई।

'मम्मी, क्या हुआ दरवाजा खोलने में बहुत देर कर दी आपने?' कमरे में प्रवेश करते हुए पीटर ने पूछा।

'बेटा, मुझे अचानक बहुत तेज बुखार हो गया है, इसलिए बिस्तर से उठकर दरवाजे तक आने में थोड़ी देर हो गई।' मम्मी ने जवाब दिया।

'मम्मी, अब आप जल्दी से तैयार हो जाओ। हमें मार्केट जाना है न, क्रिसमस की शॉपिंग के लिए।' पीटर अपनी ही धुन में बोला, जैसे उसने मम्मी की बात सुनी ही न हो। उसे बाजार जाने की जल्दी जो थी।

'बेटा, अभी बताया न! मेरी तबीयत खराब है। मुझसे उठा भी नहीं जा रहा। मैं तो तुम्हारे साथ मार्केट जा नहीं पाऊंगी।' मम्मी ने दरवाजा बंद कर, अंदर आते हुए कहा।

मम्मी की बात सुनकर पीटर मायूस होकर बोला, 'मम्मी, तो फिर क्रिसमस की शॉपिंग कैसे हो पाएगी? पापा भी इस बार छुट्टी लेकर घर नहीं आ पाए!'

पीटर के पापा सेना में हैं। इन दिनों उनकी पोस्टिंग घर से बहुत दूर देश के सीमावर्ती राज्य में है। क्रिसमस के त्योहार पर उन्हें एक सप्ताह की छुट्टी लेकर घर आना था, मगर किसी इमरजेंसी ड्यूटी की वजह से उन्हें छुट्टी नहीं मिल पाई और वे घर नहीं आ सके थे। पीटर को उदास देखकर मम्मी बोलीं, 'बेटा, तुम चिंता मत करो। मैंने पड़ोस में रहने वाले माइकल की मम्मी से बात कर ली है। वे माइकल को लेकर कुछ ही देर में क्रिसमस की शॉपिंग के लिए मार्केट जाएंगी। मार्केट जाते हुए वे हमारे घर आ जाएंगी और तुम्हें भी अपने साथ ले जाएंगी। तुम्हें जो-जो खरीदना हो, वे खरीदवा देंगी। तुम्हारा सामान खरीदने के लिए मैं उन्हें पैसे दे दूंगी। अब तुम उनके साथ मार्केट जाने के लिए फटाफट तैयार हो जाओ। मैं दवाई खाकर थोड़ा रेस्ट करूंगी।'

पीटर बाजार जाने के लिए तैयार होने लगा। थोड़ी देर बाद माइकल और उसकी मम्मी आ गए। पीटर उनके साथ बाजार चला गया।

बाजार जाते हुए रास्ते में पीटर ने माइकल से कहा, 'मैं तो बड़ा-सा क्रिसमस ट्री लूंगा और उसको सजाने के लिए बहुत सी मोतियों की लड़ियां, रिबन, स्टार्स और मोमबत्तियां भी खरीदूंगा! बड़ा वाला केक और ढेर सारी चॉकलेट भी लूंगा!'

'ये सब चीजें तुम अपने लिए ही लोगे क्या?' पीटर की बात सुनकर माइकल ने पूछा। 'हां, अपने लिए ही तो लेना है यह सब। क्रिसमस सेलिब्रेशन के लिए।' पीटर ने उत्साहित होकर बताया।

'वो तो ठीक है, लेकिन क्रिसमस पर दूसरों की मदद करने के लिए तुम क्या करोगे?' माइकल ने उससे सवाल किया।

'मदद.. मदद किसकी? क्रिसमस तो हमें खुद ही मनाना है न! इसमें दूसरों की मदद क्या करनी है?' पीटर ने हैरानी से पूछा।

'देखो पीटर, हम तो क्रिसमस पर अपने लिए थोड़ा कम सामान खरीदते हैं ताकि गरीब लोगों के लिए गर्म मोजे, चॉकलेट वगैरह भी खरीद सकें। क्रिसमस वाले दिन चर्च के बाहर और आस-पास झुग्गी-झोपड़ी में रहने वाले गरीब लोगों में हम वो चीजें बांट देते हैं।' माइकल ने बताया।

'हां बेटा, क्रिसमस पर गरीब लोगों को दान इसलिए दिया जाता है ताकि वे भी हंसी-खुशी यह त्योहार मना सकें।' माइकल की मम्मी ने पीटर को समझाते हुए कहा।

माइकल और उसकी मम्मी की बातें सुनकर पीटर सोच में पड़ गया। उसने तो मम्मी से जिद करके माइकल की मम्मी को ज्यादा पैसे दिलवाए थे ताकि वे उसे खूब सारी खरीदारी करवा सकें। लेकिन उसे माइकल और उसकी मम्मी की बातें सही लग रही थीं।

कुछ देर बाद वे लोग बाजार पहुंचे और उन्होंने क्रिसमस की खरीदारी शुरू की। पीटर ने बड़े के बजाय एक छोटा क्रिसमस ट्री लिया। ट्री की सजावट के लिए सामान लिया लेकिन थोड़ा कम। केक भी कुछ छोटा लिया ओर चॉकलेट भी थोड़ी कम खरीदी। इससे बचे पैसों से उसने कुछ गर्म मोजे, टॉफियां, छोटे केक और बिस्कुट के पैकेट खरीदे। ये सब खरीदते हुए वह सोच रहा था कि इन्हें वह अगले दिन गरीब बच्चों में बांट देगा। सारी खरीदारी करके पीटर जब घर पहुंचा तो वह बहुत खुश था। उसे लग रहा था कि इस बार के क्रिसमस की खुशियां दोगुनी हो गई हैं। *

कविता
सूर्यकुमार पांडेय



## सांता क्लॉज

कलंगी वाली टोपी सिर पर,
कौन अरे, यह सांता क्लॉज!
जिंगल बेल लेकर हाथों में,
मेरे घर पर आए आज।
भरा गिफ्ट से थैला भारी,
मद्धिम-मद्धिम इनकी चाल।
चले बांटने खुशियां सबको,
वेट कराते पूरे साल।
नरम रूई-सी उजली दाढ़ी,
नाक गुलाबी, फूले गाल।
गोल-गोल आंखें सांता की
गोल नाक भी बड़ी कमाल।
सो जाते जब हम सब बच्चे,
मोजे में तोहफे दें डाल।
छू-मंतर हो जाते, कहकर,
'फिर आऊंगा अगले साल!'

## अंतर बताओ

बच्चो, यहां सांता क्लॉज के एक समान दिखने वाले दो चित्र दिए गए हैं। वैसे तो ये दोनों चित्र दिखने में एक जैसे हैं, लेकिन इनमें आठ अंतर हैं। तुम्हें पांच मिनट में ये सभी अंतर खोजकर बताने हैं। तो देर किस बात की, फटाफट आठ अंतर खोजो।



## एक अलग चित्र को ढूंढो

बच्चो, यहां दिए गए चित्रों में एक को छोड़कर बाकी सभी सांता क्लॉज, पेयर यानी जोड़े में हैं। एक चित्र ऐसा है, जिसका सेम पेयर नहीं है। तुम्हें उस अकेले सांता के चित्र को खोजकर उसके चारों ओर पेन या पेंसिल से सर्कल बनाना है।



## खबर संक्षेप



### गुरूद्वारे में कीर्तन व लंगर का आयोजन

**बवानीखेड़ा।** बवानी खेड़ा के रेलवे रोड़ पर स्थित बाबा बंदा सिंह बहादुर गुरूद्वारा में श्री सहिज पाठ, वाहेगुरू सिमरन सहित लंगर का आयोजन किया गया। जानकारी देते हुए गौरव हंस ने बताया कि इस गुरूद्वारा की नींव स्व. सरदार प्रताप सिंह हंस द्वारा रखी गई व इसका नवनिर्माण उनके पुत्र व पौत्रों द्वारा लगभग 15 वर्ष पहले करवाया गया जिसमें साध संगत के सहयोग से कार्यक्रम आयोजित होता है।

### पूर्व सीएम की पहली बरसी पर प्रार्थना सभा की तैयारी

**भिवानी।** हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री स्व. चौधरी ओम प्रकाश चौटाला की पहली बरसी के अवसर पर इनेलो कार्यकर्ताओं ने अपनी कमर कस ली है। इस संबंध में हल्का बवानीखेड़ा के इनेलो कार्यकर्ताओं की एक महत्वपूर्ण बैठक सुनील लांबा के बवानीखेड़ा फार्म हाउस पर आयोजित की गई।

### बीपीएल परिवारों का निवाला छीन लिया सरकार नेः सविता

**भिवानी।** हरियाणा प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की पूर्व महासचिव सविता मान ने कहा कि हरियाणा में भाजपा की लूट, धोखा, वसूली, और मुनाफाखोरी वाली सरकार ने वर्ष-2025 में अक्टूबर तक 13.50 लाख गरीब बीपीएल परिवारों का निवाला छीन लिया है। विधानसभा चुनाव 2024 से पहले भाजपा सरकार ने ही हरियाणा के 70 फीसदी आबादी का गरीबी रेखा के नीचे होना स्वीकार किया था।

### रक्त की कमी से जूझ रहे मरीज की बचाई जान

**भिवानी।** इलाज की सुविधा होने के बाद भी कई बार लोगों के जीवन की डोर सिर्फ टूट जाती है, क्योंकि उन्हें समय पर खून उपलब्ध नहीं हो पाता। रक्तदान से किसी व्यक्ति का जीवन बचाया जा सकता है। आज इसी कड़ी में भिवानी के निजी अस्पताल मे दाखिल भर्ती अनेमिया पीड़ित पुरुष के लिए रेयर ब्लड ग्रुप बी नेगेटिव फ्रेश रक्त की आवश्यकता पड़ी तो शतकवीर रक्तदाता ने सूचना सोशल मीडिया में डाली।

मास्टर प्यारेलाल राज्य शिक्षक पुरस्कार एवं शतकवीर रक्तदाता स्टेट अवार्ड से हो चुके थे सम्मानित

# भिवानी जिले में रक्तदान की अलख जगाने वाले पहले शतकवीर रक्तदाता प्यारेलाल सांगवान का निधन

**⏭ तत्कालीन राज्यपालों एवं तत्कालीन मुख्यमंत्रियों से पाया अनेक बार सम्मान ⏭ 72 वर्षीय प्यारेलाल सांगवान 106 बार कर चुके थे रक्तदान, युवाओं के लिए थे प्रेरणास्त्रोत ⏭ जिलेभर में घूम-घूमकर रक्तदान के लिए किया जागरूक, युवाओं को अभियान से जोड़ा**

हरिभूमि न्यूज ⏭ लोहारू






मास्टर प्यारेलाल सांगवान का फाइल फोटो व शिक्षा एवं समाजसेवा में बेहतर सेवा के लिए मास्टर प्यारेलाल सांगवान को सम्मानित करते तत्कालीन राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय। फोटो : हरिभूमि

जिलेभर में घूम-घूमकर रक्तदान की अलख जगाने वाले एवं युवाओं को रक्तदान अभियान से जोड़ने वाले पहले शतकवीर रक्तदाता मास्टर प्यारेलाल सांगवान का गत देर रात निधन हो गया। वे करीब 72 वर्ष के थे और 106 बार रक्तदान कर चुके थे। पूरे हरियाणा में रक्तदान के लिए युवाओं प्रेरित करने वाले प्यारेलाल सांगवान का अंतिम संस्कार उनके पैतृक गांव दमकोरा में किया गया। उनके निधन से पूरे इलाके में शोक की लहर दौड़ गई। मास्टर प्यारेलाल मार्च 2015 में सेहर गांव के राजकीय उच्च विद्यालय से बतौर मुख्याध्यापक पद से सेवानिवृत्त हुए थे। उल्लेखनीय हैं कि दमकोरा गांव के किसान जगत सिंह के घर 22 अगस्त 1954 को जन्म लेने वाले मास्टर प्यारेलाल अपने पीछे दो पुत्र डॉ. विश्वेन्द्र सांगवान, डॉ. विवेक सांगवान, बेटी विनीता श्योराण व पत्नी को छोड़ गए हैं। प्यारेलाल सांगवान ने पहली बार 5 मई 1984 को 30 वर्ष की आयु में रक्तदान किया था। इसके बाद मास्टर प्यारेलाल को मानो रक्तदान करने और करवाने का जुनून सवार हो गया। उन्होंने जिलेभर में घूम-घूमकर युवाओं को रक्तदान मुहिम से जोड़ा और खुद रक्तदान कर दूसरे को भी रक्तदान करने के लिए जागरूक किया। मास्टर प्यारेलाल की स्वैच्छिक रक्तदाता समूह में वर्तमान में करीब 350 से अधिक सदस्य हैं और मास्टर प्यारेलाल जिले के पहले शतकवीर रक्तदाता हैं, जो 106 बार रक्तदान कर चुके थे। मास्टर प्यारेलाल मार्च 2015 में राजकीय उच्च विद्यालय सेहर से बतौर मुख्याध्यापक पद से सेवानिवृत्त हुए थे तथा सेवानिवृत्ति पर स्कूल परिसर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया, जिसमें उनकी टीम के सदस्यों ने बढ़ चढ़कर रक्तदान किया था।

### राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने भी किया सम्मानित

रक्तदान एवं शिक्षा क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने पर मास्टर प्यारेलाल सांगवान को पहली बार वर्ष 1997 में हरियाणा के तत्कालीन राज्यपाल महावीर प्रसाद ने सम्मानित किया था। वर्ष 2002 में तत्कालीन मुख्यमंत्री ओमप्रकाश चौटाला ने चंडीगढ़ में शिक्षा क्षेत्र में बेहतर कार्य करने के लिए सम्मानित किया। वर्ष 2003 में राज्य शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित किया। उन्हें ये पुरस्कार तत्कालीन राज्यपाल बाबू परमानंद ने प्रदान किया था। वहीं वर्ष 2006 में शिक्षा के साथ साथ समाजसेवा क्षेत्र में बेहतर योगदान देने पर तत्कालीन राज्यपाल एआर किदवई व तत्कालीन मुख्यमंत्री भूपेन्द्र सिंह हुड्डा ने सम्मानित किया। वहीं तत्कालीन राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने 15 जून 2022 को मास्टर प्यारेलाल को शतकवीर रक्तदाता स्टेट अवार्ड से सम्मानित किया। इसके अलावा भिवानी के स्थापना दिवस पर सांस्कृतिक मंच ने उन्हें गौरव अवार्ड भिवानी सेवा सम्मान नवाजा।

### इन्होंने जताया शोक

मास्टर प्यारेलाल सांगवान की प्रेरणा से रक्तदान की मुहिम से जुड़ने वाले एसडीएम मनोज दलाल, शतकवीर रक्तदाता राजेश डुडेजा, प्रवक्ता श्यामसुंदर सांगवान, डॉ. राजीव वत्स, मदनलाल श्योराण, कंवरभान दहिया, सतीश मेचू, अजय सांगवान, जयवीर मान, दयानन्द दामकोरा, उमराव सिंह, करन सिंह जैनवास, एडवोकेट सतीश श्योराण, रजनीश सांगवान, श्यामसुंदर सिंगल व मास्टर राजकुमार सहित अनेक लोगों ने उनके निधन पर गहरा शोक जताया।

राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सभागार में दिखाया शो

# सैंड ऑफ आर्ट शो के माध्यम से दिखाई छोटे वीर साहिबजादों की शहादत की वीरगाथा

जिला शिक्षा अधिकारी निर्मल दहिया ने किया शो का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी



भिवानी। आयोजित कार्यक्रम में वीरगाथा दिखाते हुए। फोटो : हरिभूमि

कला एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग और स्कूल शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में वीर बाल दिवस पर छोटे वीर साहिबजादों के शहीदी की याद में वीरवार को डीसी साहिल गुप्ता के मार्गदर्शन में राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में सैंड ऑफ आर्ट शो का कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें शो के माध्यम से छोटे वीर साहिबजादों की जीवन गाथा दिखाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला शिक्षा अधिकारी निर्मल दहिया ने किया। विद्यार्थियों ने बड़ी ही उत्सुकता के साथ शो को देखा। इस कार्यक्रम के दौरान सैंड ऑफ आर्ट के माध्यम से गुरु गोबिंद सिंह के चार साहिबजादों अजीत सिंह, जुझार सिंह, जोरावर सिंह व फतेह सिंह की शहादत के हर लम्हे को अनोखे अंदाज में दिखाया गया। इस 40 मिनट के इस शो में मुगलों के जुल्म और चार साहिबजादों की वीरगाथा की युवा पीढ़ी के समक्ष रखा गया।

इस सैंड ऑफ आर्ट शी में कलाकारों ने गुरु गोविंद सिंह के चार साहिबजादों के जन्य खालसा पंथ की स्थापना के बाद मुगल शासकों, सरहिंद के सूबेदार कबीर खां द्वारा आक्रमण के बाद 20-21 दिसम्बर 1704 को मुगल सेना में युद्ध करने के लिए गुरु गोबिंद सिंह ने परिवार सहित श्री आनंदपुर साहिब किले को छोड़ना, सरसा नदी पर गुरु गोबिंद सिंह के परिवार का विछुडऩे को दिखाया गया। बताया गया कि गंगू ने लालच में आकर तुरंत वजीर खां को गोबिंद सिंह की माता और छोटे साहिबजादों के यहां होने की खबर दे दी, जिसके बदले में वजीर खां ने उसे सोने की मोहरें भेंट की। खबर मिलते ही वजीर खां के सैनिक माता गुजरी और 7 वर्ष की आयु के साहिबजादा जोरावर सिंह और 5 वर्ष की आयु के साहिबजादा फतेह सिंह को गिरफ्तार करने गंगू के घर पहुंच गए।

उन्हें लाकर ठंडे बुर्ज में रखा गया और उस ठिठुरती ठंड से बचने के लिए कपड़े का एक टुकड़ा तक ना देना, रात भर ठंड में ठिठुरने के बाद सुबह होते ही साहिबजादों को वजीर खां के सामने पेश किया गया, जहां भरी सभा में उन्हें इस्लाम धर्म कबूल करने को कहा गया। सभा में पहुंचते ही बिना किसी हिचकिचाहट के दोनों साहिबजादों ने जोर से जयकारा लगाया, जो बोले सो निहाल, सत श्री अकाल, यह देख सब दंग रह गए।

### शहादत को किया नमन

यह बताया गया कि वजीर खां की मौजूदगी में कोई ऐसा करने की हिम्मत भी नहीं कर सकता, लेकिन गुरु जी की नन्हीं जिंदगियां ऐसा करते समय एक पल के लिए भी न डरी, के इतिहास की अपनी कला के माध्यम से युवा पीढ़ी के समक्ष रखा गया। आखिर में दोनों साहिबजादों को दीवारों में जिंदा चिनवाने का ऐलान किया गया। दोनों साहिबजादों को जब दीवार में चिनना आरंभ किया गया, तब उन्होंने जपुजी साहिब का पाठ करना शुरू कर दिया। 27 दिसम्बर सन 1704 को दोनों छोटे साहिबजादे और जोरावर सिंह व फतेह सिंह को दीवारों में चिनवा दिया गया।

### निबंध प्रतियोगिता में छाए विद्यार्थी

उधर दूसरी तरफ साहिबजादों की शहादत की खबर सुनकर माता गुजरी ने अकाल पुरख को इस शहादत के लिए शुक्रिया किया और अपने प्राण त्याग दिए। स्कूल के प्रांगण में दर्जनों बच्चों ने बीर बाल दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित निबंध लेखन प्रतियोगिता में भाग लिया। कार्यक्रम पर जिला शिक्षा अधिकारी निर्मल दहिया ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम बच्चों का ज्ञानवर्धन करते हैं। बच्चों को अपने इतिहास के बारे में जानकारी होती है। शैंड ऑफ आर्ट द्वारा एक शानदार कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

## खबर संक्षेप

### चंचल शर्मा ने क्लेट में 1247वीं रैंक हासिल की



**भिवानी।** गांव ढाणी माहू स्थित संत रोशन लाल विद्या मंदिर विद्यालय कि 12वीं कक्षा की छात्रा चंचल शर्मा पुत्री गजानन शर्मा ने पूरे भारतवर्ष में कॉमन लॉ एडमिशन टेस्ट में 1247वीं रैंक हासिल कर अपने माता-पिता व विद्यालय का नाम रोशन किया। चंचल वर्तमान में 12वीं कक्षा की छात्रा है। इस बड़ी उपलब्धि को प्राप्त करने के लिए चंचल ने किसी कोचिंग संस्थान का सहारा नहीं लिया होनहार छात्रा ने अपनी सफलता का श्रेय अध्यापक, शिक्षण संस्थान व माता-पिता को दिया चंचल के माता-पिता व दादी ने खुलकर विद्यालय की सराहना की। यदुवंशी ग्रुप के अध्यक्ष राव बहादुर सिंह व एसआरएलवीएम ढाणी माहू के अध्यक्ष अपूर्व अग्रवाल ने होनहार छात्रा व उनके माता-पिता को सम्मानित कर बधाई दी। विद्यालय की प्रधानाचार्या प्रेमलता नेहरा ने छात्रों को कठोर परिश्रम का महत्व बताया वह प्रतिभाशाली छात्रा चंचल शर्मा के उज्जवल भविष्य की कामना की।

### विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा के बताए नियम



**भिवानी।** नेताजी सुभाषचंद्र बोस युवा जागृत सेवा समिति एवं सदाचारी शिक्षा समिति के संयुक्त तत्वावधान में सड़क सुरक्षा कार सेवा अभियान तथा हिट एंड रन कानून को लेकर जन-जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम का उद्देश्य आमजन को सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति सजग करना और युवाओं को नशे जैसी सामाजिक बुराइयों से दूर रहने के लिए प्रेरित करना रहा। कार्यक्रम के दौरान आम नागरिकों से अपील की कि दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट तथा चारपहिया वाहन में सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से प्रयोग करें और यातायात नियमों का पूर्ण पालन करें। वक्ताओं ने कहा कि सड़क सुरक्षा नियमों की अनदेखी न केवल स्वयं के लिए, बल्कि दूसरों के जीवन के लिए भी घातक साबित हो सकती है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव पवन कुमार के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं अभिभावकों को ड्रग्स जैसे नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया।

### निशा ने क्लेट में 105वीं रैंक की हासिल



**तोशाम।** स्थित आदर्श कॉन्वेंट स्कूल की होनहार छात्रा निशा पुत्री सुरेंद्र गांव धारवानबास ने कॉमन लॉ एडमिशन टेस्ट क्लेट 2025 में 105वीं रैंक हासिल कर अपने स्कूल और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। इस उपलब्धि के साथ, उन्होंने न केवल अपनी मेहनत और समर्पण का परिचय दिया है, बल्कि अन्य छात्रों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बन गई हैं। उल्लेखनीय है कि क्लेट की परीक्षा गत 7 दिसंबर को आयोजित की गई थी, जिसमें देशभर से लगभग 75,000 उम्मीदवारों ने भाग लिया था। आदर्श कॉन्वेंट स्कूल कैरू की इस छात्रा ने अपनी तैयारी और अनुशासन के बल पर यह मुकाम हासिल किया है। इस उपलब्धि पर स्कूल प्रशासन और शिक्षकों ने छात्रा को बधाई दी है और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। स्कूल के प्रिंसिपल ने कहा, /"हम अपनी छात्रा की इस उपलब्धि पर बहुत गर्व महसूस कर रहे हैं। उनकी मेहनत और समर्पण ने उन्हें इस मुकाम तक पहुंचाया है। क्लेट परीक्षा के परिणामों के अनुसार, इस वर्ष कुल 58 उम्मीदवारों ने 99 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त किए हैं। आदर्श कॉन्वेंट स्कूल कैरू की छात्रा की 105वीं रैंक उनकी इस परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन को दर्शाती है।

### पेयजल संरक्षण अभियान को गति देने के लिए जिला जल एवं सीवरेज समिति की बैठक आयोजित

**चरखी दादरी।** स्थानीय लघु सचिवालय सभागार में वीरवार को उपायुक्त डॉ मुनीश नागपाल की अध्यक्षता में जिला जल एवं सीवरेज मिशन समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में जल जीवन मिशन से संबंधित विभिन्न एजेंडों पर चर्चा की गई। जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग की तरफ से एक्सईएन एवं जिला सलाहकार राजू भूम्भक ने प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की। उन्होंने उपायुक्त डॉ नागपाल को बताया कि जिला ग्रामीण क्षेत्र में कुल 81922 घरों को नल से स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराया जा चुका है। हर घर नल से जल लक्ष्य को शत-प्रतिशत हासिल करने वाला जिला बन चुका है। उन्होंने बताया कि जिले की सभी 167 ग्राम पंचायतों में ग्राम जल एवं सीवरेज समितियां सक्रिय हैं। 357 सरकारी विद्यालयों और 599 आंगनबाडियों में नल आधारित पेयजल सुविधा उपलब्ध है। वर्ष 2025-26 के दौरान 807 कैमिकल और 3971 बैक्टीरियोलॉजिक नमूनों की जांच की गई, जिनमें 37कैमिकल और 1011 जीवाणु संबंधी नमूने असफल मिले।

### तैराकी प्रतियोगिता में नव्या की शानदार उपलब्धि




**भिवानी।** हलवासिया विद्या विहार की होनहार छात्रा नव्या ने तैराकी प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया। सांसद खेल महोत्सव 2025 का भव्य आयोजन गत 6 एवं 7 दिसंबर को भीम स्टेडियम में हुआ। खेल महोत्सव में कक्षा तृतीय 'डी' की नव्या ने अपनी प्रतिभा का प्रभावशाली परिचय देते हुए उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की। छात्रा नव्या ने 50 मीटर बटरफ्लाई तैराकी में द्वितीय तथा 50 मीटर बैक स्ट्रोक तैराकी में तृतीय स्थान प्राप्त कर न केवल अपने अभिभावकों बल्कि पूरे विद्यालय को गौरवान्वित किया। इस उपलब्धि से विद्यालय में हर्ष और गर्व का वातावरण बना।छात्रा की इस उपलब्धि पर विद्यालय प्रशासक शमशेर सिंह अहलावत, प्राचार्य विमलेश आर्य, उप-प्राचार्य दीपक वशिष्ठ एवं प्राथमिक विभाग प्रमुख वीणापाणि महता ने नव्या को हार्दिक बधाई दी तथा उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए निरंतर आगे बढ़ते रहने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर विभाग प्रमुख अमरेंद्र कुमार, सुवीरा गर्ग व खेल प्रशिक्षिका संजय लता आदि उपस्थित रहे।

स्वदेशी अपनाकर देश की अर्थव्यवस्था को दी जा सकती मजबूती

## स्वदेशी उत्पादों की स्टॉलों के साथ मेहंदी और रंग भरो प्रतियोगिता में छाए विद्यार्थी

- भारतीय खेल, परिधान एवं व्यापार को प्रोत्साहित करने का माध्यम है स्वदेशी मेला : अमित

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी




भिवानी। स्वदेशी मेले का शुभारंभ करते नगर परिषद के चेयरपर्सन प्रतिनिधि भवानी प्रताप सिंह। फोटो : हरिभूमि

स्थानीय उत्पादों को वैश्विक पहचान दिलाने और आत्मनिर्भर भारत के सपने को साकार करने के उद्देश्य से स्वदेशी जागरण मंच ने बाल भवन वाटिका में चार दिवसीय भव्य स्वदेशी मेले का शुभारंभ हुआ। यह मेला न केवल स्वदेशी वस्तुओं की प्रदर्शनी है, बल्कि भारतीय संस्कृति और उद्यमिता का अनूठा संगम बनकर उभरा है। इस मौके पर बतौर मुख्यतिथि नगर परिषद के चेयरपर्सन प्रतिनिधि भवानी प्रताप सिंह ने शिरकत की तथा विशिष्ट अतिथि के तौर पर जिला बाल कल्याण अधिकारी ओमप्रकाश, विभाग संचालक सत्यनारायण मित्तल पहुंचे। कार्यक्रम में बाबा मेलनाथ आश्रम लेघा के महंत योगी राजनाथ महाराज का सान्निध्य रहा। स्वदेशी मेले का शुभारंभ करते हुए अतिथियों ने स्वदेशी उत्पादों की देश की अर्थव्यवस्थ की रीढ़ बताते हुए प्रत्येक जन को स्वदेशी उत्पाद अपनाने का आह्वान किया। मेला प्रमुख राजीव मित्तल ने बताया कि ये आयोजन 21 दिसंबर तक चार दिनों तक चलेगा, जहां प्रतिदिन प्रातः 10 बजे से रात्रि 9 बजे तक आम जनमानस स्वदेशी रंगों का आनंद ले सकेंगे। मेले में प्रदेशभर के युवा उद्यमियों और स्टार्टअप्स के लिए 75 विशेष स्टॉल लगाई गई।

### आयकर नियोजन के विभिन्न पहलुओं पर डाला प्रकाश



**भिवानी।** शोध एवं विकास प्रकोष्ठ द्वारा महाविद्यालय में आयकर नियोजन विषय पर अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया। कार्यक्रम का उद्देश्य महाविद्यालय की प्राध्यापिकाओं को वित्तीय साक्षरता एवं कर नियोजन से संबंधित जानकारी प्रदान करना रहा। इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में प्रमोशन ऑफ फाइनेंशियल लिटरेसी दिल्ली विश्वविद्यालय के चेयरमैन डॉ. आरपी तुलसियान उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारम्भ महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. अलका मित्तल ने अतिथि वक्ता का स्वागत कर एवं उन्हें पौधा भेंट कर किया। डॉ. आरपी तुलसियान ने अपने व्याख्यान की शुरुआत प्राध्यापकों से संवादात्मक प्रश्नों के माध्यम से की। उन्होंने आयकर नियोजन के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से प्रकाश डाला, जिसमें कर की कानूनी योजना, निवेश के उपयुक्त विकल्प, निवेश की सही दिशा तथा कर दायित्व को कम करने की प्रभावी रणनीतियां शामिल रहीं। उन्होंने आयकर नियोजन को कर कानूनों के अंतर्गत उपलब्ध कटौतियों, छूटों एवं लाभों का उपयोग कर वित्तीय व्यवस्था को सुव्यवस्थित करने की प्रक्रिया बताया। यह व्याख्यान अत्यंत ज्ञानवर्धक एवं उपयोगी रहा।

### एनआरसी को बताया पारदर्शी प्रक्रिया

**भिवानी।** भारतीय जनता पार्टी के जिला प्रधान वीरेंद्र कौशिक ने एनआरसी और मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान को लेकर विपक्षी दलों, विशेषकर कांग्रेस पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्ष इस मुद्दे पर जनता के बीच भ्रम फैला रहा है, जबकि सरकार का मुख्य लक्ष्य देश की लोकतांत्रिक प्रक्रिया को शुद्ध और पारदर्शी बनाना है। जिला अध्यक्ष वीरेंद्र कौशिक ने कहा कि विपक्षी दलों का असली मकसद आम जनता को गुमराह करना है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस और अन्य विपक्षी दल अवैध घुसपैठियों को अपने सुरक्षित 'वोट बैंक' के रूप में इस्तेमाल कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि विपक्ष चाहता है कि अवैध घुसपैठियों के नाम मतदाता सूचियों में बने रहें ताकि वे चुनावों में इसका अनुचित लाभ उठा सकें।

**उपलब्धि** वैश्य महाविद्यालय प्रबंधन परिवार के सदस्यों ने किया जतिन शर्मा को सम्मानित

# गणतंत्र दिवस परेड में राजपथ पर गूंजेगा वैश्य महाविद्यालय भिवानी का नाम

वैश्य महाविद्यालय शिक्षा के साथ अन्य गतिविधियों में भी कर नाम रोशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी




भिवानी। प्रतिभागी को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

वैश्य महाविद्यालय भिवानी के विद्यार्थी शिक्षा के साथ-साथ अन्य गतिविधियों में भी अपनी प्रतिभा का परचम लहरा रहे हैं, इसी कड़ी में वैश्य महाविद्यालय भिवानी के एन एस एस वॉलंटियर्स जतिन शर्मा ने रिपब्लिक डे परेड कैंप में चयनित होकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। गौरतलब है कि उच्चतर शिक्षा विभाग हरियाणा की राष्ट्रीय सेवा योजना के स्टेट कोऑर्डिनेटर प्रो दिनेश शर्मा, चौधरी बंसीलाल विश्वविद्यालय के एन एस एस कॉर्डिनेटर प्रो संजीव शर्मा एवं वैश्य महाविद्यालय भिवानी के प्राचार्य डॉ संजय गोयल के कुशल नेतृत्व एवं महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाईयों के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. कामना कौशिक व डॉ. मोहन लाल की देख रेख में महाविद्यालय की एन एस एस इकाईयों के स्वयंसेवक अपनी प्रतिभा का बेहतर प्रदर्शन कर परचम लहरा रहे है। आज वैश्य महाविद्यालय भिवानी के प्रांगण में महाविद्यालय के एन एस एस वॉलंटियर्स जतिन शर्मा को रिपब्लिक डे परेड कैंप में चयनित होने पर सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह में मुख्य रूप से वैश्य महाविद्यालय ट्रस्ट के प्रधान एडवोकेट शिवरतन गुप्ता, वैश्य महाविद्यालय प्रबंधक समिति के अध्यक्ष अजय गुप्ता आदि रहे।

### गणतंत्र दिवस परेड में शामिल होना गौरव की बात

सम्मान समारोह में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ संजय गोयल ने एन एस एस वॉलंटियर्स जतिन शर्मा को बधाई देते हुए कहा कि जतिन शर्मा एक होनहार स्वयंसेवक है जिसने इससे पहले भी राष्ट्रीय सेवा योजना के अनेकों प्रकल्पों में अन्य उपलब्धियां अपने नाम की है उन्होंने बताया कि गणतंत्र दिवस परेड में वैश्य महाविद्यालय भिवानी का नाम राजपथ पर गूंजेगा जो कि हम सबके लिए गौरवशाली क्षण है। वैश्य महाविद्यालय ट्रस्ट के प्रधान एडवोकेट शिवरतन गुप्ता ने एन एस एस वॉलंटियर्स जतिन शर्मा को बधाई देते हुए कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना स्वयं सेवकों को सामाजिक जीवन में प्रवेश करने के लिए प्रशिक्षित करते हुए उन्हें अनुशासन के भाव को पैदा करती है।वास्तव में ये स्वयंसेवकों को प्रशिक्षित करने का बेहतर माध्यम है।

### आईटीआई में पंच प्रण प्रतियोगिता का आयोजन

**भिवानी।** कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग, हरियाणा के निर्देशानुसार राजकीय आईटीआई, भिवानी में 17 से 21 दिसंबर तक पंच प्रण कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में राष्ट्रभक्ति, कर्तव्यबोध, एकता, सांस्कृतिक चेतना एवं नैतिक मूल्यों का विकास करना रहा। राजकीय आईटीआई के प्रधानाचार्य बलबीर सिंह ने बताया कि पंच प्रण प्रतियोगिता का शुभारंभ व्याख्यान के साथ हुआ। उन्होंने बताया कि 18 दिसंबर वीरवार को को पंच प्रण प्रतियोगिता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

### भिवानी में महाराजा शूरसैनी जयंती की तैयारियां तेज, लोहारू में किया डोर-टू-डोर जनसंपर्क

**भिवानी।** सैनी कल्याण परिषद द्वारा 21 दिसंबर को भिवानी में होने वाले महाराजा शूरसैनी जयंती एवं प्रतिभा सम्मान समारोह को लेकर उत्साह चरम पर है। कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाने के लिए परिषद ने मोर्चा संभाल लिया है। इसी कड़ी में कस्बा लोहारू में परिषद की टीम ने डोर-टू-डोर निमंत्रण अभियान चलाकर समाज के लोगों को समारोह में पहुंचने का न्योता दिया। लोहारू में जनसंपर्क अभियान का नेतृत्व वरिष्ठ शिक्षाविद् राजकुमार सैनी ने किया। नशा मुक्त भारत अभियान की शुरूआत भी की गई। उन्होंने समाज के परिवारों से मुलाकात करते हुए महाराजा शूरसैनी के गौरवशाली इतिहास से अवगत कराया। राजकुमार सैनी ने कहा कि किसी भी समाज की उन्नति का रास्ता शिक्षा से होकर गुजरता है। हमारी संस्था का लक्ष्य केवल जयंती मनाना नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ी को सशक्त बनाना है।

## खबर संक्षेप

### आरएसएस कार्यकर्त्ता को मातृशोक

**नारनौल।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला व्यवस्था टोली सदस्य एवं गौड़ ब्राह्मण सभा नारनौल के सदस्य गांव अटाली निवासी मणिप्रकाश शर्मा की 98 वर्षीय माता शांति देवी का निधन हो गया। उनके ज्येष्ठ पुत्र ज्योतिषी आचार्य पंडित ओमप्रकाश शर्मा ने बताया कि उनकी माता बहुत ही धार्मिक प्रवृति की महिला थी। वे अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गई हैं।


शांति देवी।

### वरिष्ठ नागरिक संगठन करेगा सम्मानित

**नारनौल।** वरिष्ठ नागरिक संगठन की ओर से 90 वर्ष के नागरिकों को सम्मानित किया जाएगा। इसको लेकर आवेदनकर्ता दो जनवरी तक संगठन कार्यालय में आवेदन कर सकते है। इस संबंध में संगठन के प्रधान दुलीचन्द शर्मा ने बताया कि उनके संगठन की ओर से 11 जनवरी को किला रोड स्थित साध्वी बहन मिश्री देवी आश्रम, जिसमें संगठन कार्यालय स्थित है, में उन वृद्धजन को संगठन की ओर से सम्मानित किया जाएगा, जिन्होने इस वर्ष के अन्त अर्थात 31 दिसम्बर 2025 को अपनी आयु के 90 वर्ष पूरे कर लिए हों। ऐसे पात्र उम्मीदवार को संगठन द्वारा निर्धारित आवेदन पत्र पूर्ण रूप से भरकर उसके साथ एक पासपोर्ट फोटो व जन्मतिथि का कोई भी प्रमाणपत्र साथ लगाना होगा। ये आवेदन पत्र संगठन कार्यालय मे दो जनवरी को दोपहर एक बजे तक जमा करवाना होगा। निर्धारित आवेदन पत्र संगठन कार्यालय किला रोड स्थित साध्वी बहन मिश्री देवी आश्रम से किसी भी दिन सुबह 10:30 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक प्राप्त किया जा सकता है।

### राव हरिशचंद्र आर्य की छठी पुण्यतिथि मनेगी

**नारनौल।** ग्राम बिगोपुर में 24 व 25 दिसंबर को हर वर्षों की भांति इस वर्ष भी आर्य समाज अपना 33वां वार्षिकोत्सव एवं राव हरिश्चंद्र आर्य की छठी पुण्यतिथि बड़ी धूमधाम से मनाएगा। आर्य समाज बिगोपुर के मंत्री मास्टर शेरसिंह आर्य ने बताया कि लोग खासकर युवा 24 व 25 दिसंबर को वैदिक सत्संग की ज्ञान गंगा में डुबकी लगाकर अपना जीवन सफल बनाएं। इस बार विद्वान भजनोपदेशक स्वामी हसानंद, डा. कैलाश कर्मठ, कोलकाता से पंडित अजय आर्य, मेरठ से अमृता आर्य दिल्ली, मास्टर हरिसिंह आर्य गादोज, महाशय बेगराज आर्य दताल, सतवीर आर्य दताल, रामावतार पुरुषार्थ बिहाली एवं क्षेत्रीय भजनोपदेशक पधार रहे हैं।

### बलाना पहुंची खेजड़ी बचाओ जन चेतना यात्रा

**महेंद्रगढ़।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बलाना प्रांगण में प्राचार्य स्वतन्त्र कुमार की अध्यक्षता में खेजड़ी बचाओ जन चेतना यात्रा का राष्ट्रीय संयोजक कमल यादव पूर्व रेंज अधिकारी वन विभाग के नेतृत्व में आगमन हुआ। जिसका स्वागत बलाना के सरपंच बिंदर, गांव गणमान्य व्यक्तियों, अध्यापकों व छात्रों ने किया। यह यात्रा 18 नवम्बर से गांव झुप्पा जिला भिवानी से शुरू हुई।

### मानवता की सेवा ही सबसे बड़ी सेवाः सुबोध

**मंडी अटेली।** शिक्षाविद एवं लेखक सुंदर लाल सुबोध ने अपनी सुपौत्री का जन्मदिन शांति कुंज प्रभुजन निवास बेगपुर में दिव्यांग जनों के साथ मनाया। वहीं कुमारी सावी ने आश्रम में निवास कर रहे प्रभुजन के साथ केक काटा।

### उन्नत कृषि क्रियाएं अपनाकर पैदावार बढ़ाएं

**महेंद्रगढ़।** कृषि विज्ञान केन्द्र की ओर से केन्द्र परिसर में सरसों फसल की उन्नत कृषि क्रियाएं विषय पर दो दिवसीय किसान प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। इस अवसर पर किसानों को सरसों की अच्छी पैदावार के लिए उन्नत कृषि क्रियाओं के बारे में बताया गया। केन्द्र के वरिष्ठ संयोजक व कीट वैज्ञानिक डॉ. जयलाल यादव ने उपस्थित किसानों व महिलाओं को सरसों फसल के लगाए हुए हैं।

---

## सामाजिक संगठनों ने सीएम के नाम सौंपा ज्ञापन

# सांसद ने सब डिपो शुरू कराने को नहीं लिखा पत्र : पाटोदा

जनप्रतिनिधियों की ओर से अब तक कोई ठोस प्रयास नहीं किया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ महेंद्रगढ़

समाधान शिविर के दौरान सामाजिक संगठनों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नाम ज्ञापन उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार को सौंपा। जिसके माध्यम से सामाजिक कार्यकर्ता रामनिवास पाटोदा ने जिले की लंबित विकास समस्याओं की ओर प्रशासन का ध्यान आकर्षित किया। उन्होंने बताया कि जिला लंबे समय से विकास कार्यों में उपेक्षित रहा है। दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति यह है कि जिले के पास आज तक पूर्ण रूप से विकसित मुख्यालय तक नहीं है। करीब चार से पांच वर्ष पूर्व जनता की मांग पर महेंद्रगढ़ में रोडवेज का सब डिपो बनाया गया था, जो आज भी बनकर तैयार है, लेकिन संचालन शुरू न होने के कारण जर्जर अवस्था में पहुंचता जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस संबंध में जनप्रतिनिधियों की ओर से अब तक कोई ठोस प्रयास नहीं किया गया। जिसका खामियाजा क्षेत्र की जनता को भुगतना पड़ रहा है। रोडवेज बस सेवाओं का लाभ लोगों को नाममात्र ही मिल पा रहा है। रामनिवास पाटोदा ने कहा कि भिवानी महेंद्रगढ़ सांसद चौ. धर्मबीर सिंह द्वारा परिवहन विभाग के उच्च अधिकारियों को पत्र लिखे जाने के बाद क्षेत्र के सामाजिक संगठनों व ग्राम पंचायतों में रोष व्याप्त है। सांसद की ओर से किसी एक विशेष रूट को टारगेट कर बसों के संचालन को असंतुलित बताना, जनविरोधी मानसिकता को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि संबंधित रूट से पांच विधानसभा क्षेत्रों के 50 से अधिक गांव जुड़े हुए हैं। जहां निजी परिवहन की कोई समुचित सुविधा नहीं है और हजारों लोग प्रतिदिन इन बसों पर निर्भर हैं।

### रेलगाड़ियों का ठहराव भी नहीं

उन्होंने आरोप लगाया कि सांसद को चाहिए था कि वे महेंद्रगढ़ में बनकर तैयार रोडवेज सब डिपो व वर्कशॉप को शुरू कराने के लिए प्रयास करते, ताकि ग्रामीण व लंबी दूरी के रूटों पर बेहतर परिवहन सुविधा उपलब्ध हो सके, लेकिन पिछले पांच वर्षों में न तो सब डिपो, न बाईपास, न ही रेलगाड़ियों के ठहराव अथवा सुबह छह से सात बजे के बीच रेवाड़ी दिल्ली ईएमयू ट्रेन चलाने को लेकर कोई पत्र लिखा गया। सामाजिक संगठनों ने चेतावनी दी कि सांसद द्वारा परिवहन विभाग को लिखे गए इस पत्र के विरोध में ग्राम पंचायतें शीघ्र ही लामबंद होंगी और इस कदम का खुलकर विरोध किया जाएगा। लाभान्वित गांवों के गणमान्य लोग आगामी रणनीति तय करेंगे।

### रोजगार व शिक्षा पर देना चाहिए ध्यान

*उन्होंने बताया कि इन बस सेवाओं से प्रतिदिन सैकड़ों की संख्या में युवा, बेरोजगार, विद्यार्थी, कर्मचारी और किसान रेवाड़ी, धारूहेड़ा, मानेसर व गुरुग्राम का आवागमन करते हैं। यदि सांसद इस मार्ग पर बसों की संख्या कम कराना चाहते हैं, तो उन्हें क्षेत्र में ही रोजगार व उच्च शिक्षा की व्यवस्था पर भी ध्यान देना चाहिए। संगठनों ने मांग की है कि सांसद द्वारा लिखवाए गए पत्र की जांच कराई जाए, क्योंकि इस तरह के कदम भाजपा की छवि को नुकसान पहुंचाने वाले हैं।*

---

# उत्कृष्ट परीक्षा पर आरोही स्कूल में शिक्षकों को किया सम्मानित


नारनौल। सम्मान समारोह में मौजूद अध्यापक। फोटोः हरिभूमि

- बोर्ड परीक्षा परिणाम में गुणात्मक एवं परिमाणात्मक आधार पर कक्षा दसवीं और बारहवीं दोनों में पहला स्थान प्राप्त किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

आरोही मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल मंढाणा ने पूरे हरियाणा प्रदेश में बोर्ड परीक्षा परिणाम में गुणात्मक एवं परिमाणात्मक आधार पर कक्षा दसवीं और बारहवीं दोनों में पहला स्थान प्राप्त किया है। इस उपलब्धि की हैट्रिक पर नेताजी सुभाष चंद्र बोस मेमोरियल समिति के व्यवस्थापक सज्जन सिंह, अंग्रेजी प्रवक्ता राजेश कुमार व समिति सदस्यों ने विद्यालय में पहुंचकर उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम के लिए आरोही विद्यालय के प्राचार्य लीलू राम यादव, अध्यापक, प्राध्यापक व सहयोगी स्टाफ को फूलमाला पहनाकर सम्मानित किया तथा भविष्य में इसी प्रकार काम करने के लिए प्रेरित किया।

### सम्मान से शिक्षकों को मिलेगी नई ऊर्जा

समिति सदस्यों ने विद्यालय प्राचार्य व स्टाफ को पवित्र पुस्तक गीता व सत्यार्थ प्रकाश भेंट करके प्रोत्साहित किया। सज्जन सिंह ने बताया कि विद्यालय के अध्यापकों की कार्यशैली से वह बेहद प्रभावित है। सभी अध्यापक ईमानदारी से अपना अध्यापन कार्य कर रहे हैं, जिसके परिणाम स्वरुप विद्यालय हर बार बोर्ड परीक्षा परिणाम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करता है। विद्यालय प्राचार्य लीलूराम यादव ने सुभाष चंद्र बोस मेमोरियल समिति नारनौल के व्यवस्थापक व सदस्यों द्वारा विद्यालय में पहुंचकर विद्यालय स्टाफ सदस्यों को सम्मानित किया तथा बताया कि आपके द्वारा दी गई प्रेरणा व सम्मान से हमें और अधिक उत्साह के साथ काम करने की ऊर्जा प्राप्त होगी। इस मौके पर मुकेश कुमारी, नीलम रानी, सीमा कुमारी, डॉ पूनम, डॉ ज्योति सैनी, निशा यादव, मनीषा, राजपाल चंदेला, अशोक बडेसरा, नितेश कुमार, सतवीर शर्मा, कुलदीप सिंह, सुषमा शर्मा, डॉ कुसुम लता, संजु, आशा यादव, आशा देवी, बजरंग लाल, इंद्रपाल, मुकेश कुमार, गुलाब सिंह, करतार वर्मा, मधु यादव, सुनील, गोयनका व बबीता आदि उपस्थित रहे।

---

# शिकायतों का समय से करें समाधान

- सोमवार और वीरवार को सुबह 10 से 12 बजे तक लग रहे

हरिभूमि न्यूज ⏭ महेंद्रगढ़

सरकार के निर्देशानुसार जिला व उपमंडल स्तर पर सोमवार व वीरवार को सुबह 10 से 12 बजे तक डीसी कैप्टन मनोज कुमार की अध्यक्षता में समाधान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में वीरवार को लघु सचिवालय एसडीएम कार्यालय के कोर्ट रूम में आयोजित समाधान शिविर में डीसी कैप्टन मनोज कुमार ने आमजन की शिकायतें सुनी। डीसी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि समाधान शिविरों में आने वाली शिकायतों का तय समय में निपटान करवाना सुनिश्चित करें। इस दौरान डीएमसी रणवीर सिंह व एसडीएम कनिका गोयल मौजूद रही। इस मौके पर डीएसपी दिनेश कुमार, तहसीलदार अजय कुमार, नपा सचिव गौरव कुमार सहित विभिन्न विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।


महेंद्रगढ़। शिविर में शिकायतें सुनते डीसी कैप्टन मनोज कुमार। फोटोः हरिभूमि

### 67 शिकायतें आई

*डीसी कैप्टन मनोज कुमार ने कहा कि समाधान शिविरों का उद्देश्य जनता और प्रशासन के बीच सीधा संवाद स्थापित करना है, ताकि समस्याओं का समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से निवारण किया जा सके। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि वे आमजन की शिकायतों के निवारण की दिशा में तत्परता से कार्रवाई कर राहत पहुंचाने का काम करें। समाधान शिविर में परिवार पहचान पत्र, राशन कार्ड, अवैध कब्जे, बिजली कनेक्शन, पुलिस विभाग से संबंधित 67 शिकायतें आई। जिनमें से अधिकतर शिकायतों का मौके पर ही समाधान करवा दिया गया। वहीं लंबित शिकायतों के लिए संबंधित विभाग के अधिकारी को त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए।*

---

# फोटोग्राफी संचार का सबसे बेहतरीन साधन

- सिंघानिया विश्वविद्यालय में एक दिवसीय सेमिनार आयोजि

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

सिंघानिया विश्वविद्यालय में स्कूल ऑफ जर्नलिज्म और मास कॉम्यूनिकेशन की ओर से फोटोग्राफी और सोशल मीडिया विषय पर एक दिवसीय मीडिया सेमिनार आयोजित किया गया, जिसकी अध्यक्षता विश्वविद्यालय अध्यक्ष डॉ. मनोज कुमार ने की। उन्होंने कहा कि मीडिया एक ऐसा प्लेटफार्म है, जिसका हम अपने दैनिक जीवन में निरंतर प्रयोग करते हैं। फोटोग्राफी के अतीत पर बात करते हुए डॉ. कुमार ने कहा कि आज इस क्षेत्र में लगातार नए प्रयोग किए जा रहे हैं।

आज फोन ने कैमरे की उपलब्धता को सरल कर दिया है। उन्होंने कहा कि फोटोग्राफी संचार का सबसे बेहतरीन साधन है। हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के जनसंचार विभाग के डॉ. सुरेंद्र एवं डॉ. आलेखा सचिदानंद नायक, बिट्स पिलानी के प्रोफेसर ऋषिकेश वैद्य, विवेकानंद कॉलेज प्रबंधक डॉ. अशोक सिंह शेखावत, विनोदिनी इंटीट्यूट ऑफ एजुकेशन प्राचार्य डॉ. संतोष सैनी, श्री करणी गर्ल्स पीजी कॉलेज प्राचार्य डॉ. संदीप जांगिड़, महात्मा गांधी कॉलेज प्राचार्य दीपचंद लेखवान मुख्य वक्ता के रुप में शामिल हुए। सेमिनार में प्रोफेशनल फोटोग्राफर और मेंटोर अधिकारी विरेंद्र ने कैमरा और उसके प्रयोग एवं सोशल मीडिया पर जानकारी प्रदान की।



नारनौल। अतिथियों का स्वागत करते हुए। फोटोः हरिभूमि

### लोकार्पण

उद्घाटन सत्र में प्रो. ऋषिकेश ने कहा कि मीडिया एक सेतू है, जो एक व्यक्ति को सामाजिक, आर्थिक, राजनैतिक पहलूओं से जोड़ता है। डॉ. आलेख ने कहा कि फोटोग्राफी अभिव्यक्ति का सबसे उत्तम तरीका है। यह फोटोग्राफर के विवेक पर निर्भर होता है कि वह क्या देखना और क्या दिखाना चाहता है। सेमिनार में स्वागत वक्तव्य परिसर निदेशक प्रो. पीएस जस्सल ने दिया। प्रथम सत्र के अंत में अतिथि द्वारा विश्वविद्यालय के 2026 कैलेंडर का लोकार्पण किया। रिसोर्स पर्सन अधिकारी विरेंद्र द्वारा फोटो लेने की कला सिखाई। विद्यालय स्तर पर प्रथम पुरस्कार चेतन धाना, द्वितीय पुरस्कार विवेक बलाहा कलां व तृतीय पुरस्कार गवर्मेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल कृष्ण नगर ने हासिल किया।

---

# जोहड़ों में पानी भरवाने की लगाई गुहार

- नहरी पानी संघर्ष समिति ने तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन
- निजामपुर ब्लॉक बीते 10 साल से राजनीति भेदभाव झेल रहा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नांगल चौधरी

नहरी पानी संघर्ष समिति ने प्रधान महावीर चंदेला की अध्यक्षता में नायब तहसीलदार की मार्फत मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा है। जिसमें नलवाटी और गुजरवाटी के गांवों में सूखे पड़े जोहड़ों में पानी भराने की गुहार लगाई है। उन्होंने बीते दस साल में राजनीतिक भेदभाव को प्राथमिकता देकर नहरी पानी से वंचित करने के आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि निजामपुर ब्लॉक के अधिकांश गांव नहरों से अटेच नहीं, जिस कारण ग्रामीणों की खेतीबाड़ी बारिश पर निर्भर बनी हुई है। भाजपा सरकार ने नहरी पानी का समान बंटवारा करके प्रत्येक खेत और टेल तक सप्लाई पहुंचाने की योजना बनाई थी। योजना के मुताबिक कई गांवों में पाइप दबाकर जोहड़ भरे भी गए हैं। लेकिन निजामपुर ब्लॉक बीते 10 साल से राजनीति भेदभाव झेल रहा हैं। खंड के गांव पवेरा, सलामपुरा, नयागांव, गांवड़ी जाट, सरेली, मूसनोता, पाचनोता, बायल, गोलवा, नांगल दुर्गू, बखरीजा, गांगोताना में जोहड़ सूखे पड़े हैं। भूजलस्रोत सूखने की वजह से कृषि बोरवेल भी बंद हो चुके हैं।


नांगल चौधरी। नायब तहसीलदार की अनुपस्थिति में कर्मचारी को सीएम के नाम ज्ञापन सौंपते प्रधान महावीर चंदेला। फोटोः हरिभूमि

### रणनीति बनाई

पानी के आभाव में ग्रामीणों को पशुपालन व्यवसाय करना मुश्किल हो गया तथा खेतीबाड़ी सिर्फ बारिश के सीजन तक सिमट गई है। ग्रामीणों की समस्या को लेकर नहरी पानी किसान संघर्ष समिति ने वीरवार की सुबह मीटिंग का आयोजन किया, जिसमें तहसीलदार की मार्फत सीएम को ज्ञापन भेजने का निर्णय लिया है। बावजूद विभाग ने सूखे जोहड़ों में पानी नहीं भराया गया तो जिला मुखियालय पर धरने-प्रदर्शन की रूपरेखा बनाई जाएगी। इस अवसर पर पूर्व सरपंच रघूबीर, मूलचंद, होशियार सिंह, रामोतार नंबरदार, बाबूलाल, प्रदीप, कृष्ण कुमार, बिक्रम सिंह इत्यादि मौजूद रहे हैं।

---

# प्रश्नोत्तरी में लक्ष्य ने मारी बाजी

- खंड स्तर की प्रतियोगिता में विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थियों ने भाग लिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक यातायात एवं राजमार्ग करनाल के तत्वाधान में 20 नवंबर को द्वितीय स्तर की सड़क सुरक्षा प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया गया, जोकि खंड स्तर पर संपन्न हुई। इस खंड स्तरीय प्रतियोगिता का समापन राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय अटेली में संपन्न हुआ। इस खंड स्तर की प्रतियोगिता में अटेली खंड के अंतर्गत आने वाले विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थियों ने भाग लिया। विभाग द्वारा प्रश्नोत्तरी मुकाबले का परिणाम घोषित किया गया है, जिसमें विद्यालय के आठवीं कक्षा के छात्र लक्ष्य पुत्र हरपाल सिंह ने लेवल दो के मुकाबले में पूरे अटेली खंड में प्रथम स्थान प्राप्त किया।


नारनौल। विजेता को सम्मानित करते हुए। फोटोः हरिभूमि

### उज्ज्वल भविष्य की कामना

विद्यालय प्रबंधन ने विजेता विद्यार्थी को पुरस्कार देकर सम्मानित किया तथा उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय के अध्यक्ष सियाराम यादव ने कहा कि विद्यालय में पढ़ाई के साथ-साथ अन्य क्रियात्मक एवं रचनात्मक गतिविधियों पर भी विशेष ध्यान दिया जाता है जिससे न केवल विद्यार्थियों का पढ़ाई के प्रति आकर्षण बढ़ता है बल्कि उनका सर्वांगीण विकास होता है।

---

# क्लैट परीक्षा में हैप्पी स्कूल के नयन ने को मिली सफलता

हरिभूमि न्यूज ⏭ महेंद्रगढ़

हैप्पी एवरग्रीन सीनियर सेकेंडरी स्कूल के लिए यह गर्व का विषय है कि विद्यालय के कक्षा 12वीं के छात्र नयन पुत्र गजेंद्र सिंह वासी डुलाना ने देश की प्रतिष्ठित कॉमन लॉ एडमिशन टेस्ट (क्लैट) परीक्षा में 131वीं अखिल भारतीय रैंक प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। नयन ने यह उपलब्धि मात्र दो माह की तैयारी में हासिल की। क्लैट परीक्षा में कुल 119 अंकों में से 89.75 अंक प्राप्त कर उसने अपनी प्रतिभा और परिश्रम का उत्कृष्ट परिचय दिया। नयन से बातचीत में उसने बताया कि उसने किसी भी प्रकार की विशेष कोचिंग नहीं ली। यह सफलता उसके अध्ययन, अध्यापकों की निरंतर प्रेरणा तथा माता, पिता के सहयोग का परिणाम है। नयन का कहना है कि विद्यालय में विद्यार्थियों की शैक्षणिक नींव इतनी मजबूत बनाई जाती है, कि उन्हें बाहर जाकर कोचिंग लेने की आवश्यकता नहीं पड़ती और वे आत्मविश्वास के साथ किसी भी प्रतियोगी परीक्षा को उत्तीर्ण कर सकते हैं। इस उपलब्धि पर प्राचार्य डॉ. जेएस कुंतल, प्रबंध निदेशक मनीष अग्रवाल, मैनेजर चंचल अग्रवाल ने बधाई दी।


छात्र नयन।

प्राचार्य डॉ. जेएस कुंतल, प्रबंध निदेशक मनीष अग्रवाल ने दी बधाई

---

अनदेखी

## ग्रामीणों ने प्रशासन से जीर्णोद्धार करने की मांग की

# उचित संरक्षण के अभाव में कूड़ाघर बन रही ताजपुर की ऐतिहासिक जल बावड़ी

- पंडित गौरी शंकर के पुत्र रामप्रताप और अन्य लोगों ने करवाया था निर्माण

हरिभूमि न्यूज ⏭ मंडी अटेली

ऐतिहासिक और धरोहर ताजपुर की बावड़ी स्थानीय प्रशासन की उपेक्षा के कारण कूड़ाघर बन कर रह गई है। गांव के लोगों ने स्थानीय प्रशासन से इस बावड़ी का जीर्णोद्धार करने की मांग की है। ताजपुर बावड़ी का निर्माण पंडित गौरी शंकर के पुत्र रामप्रताप और अन्य लोगों ने करवाया था, जो इसकी ऐतिहासिक महत्व को दर्शाता है। यह बावड़ी लगभग 150 फिट लंबी और 20 फिट चौड़ी है तथा जमीन से लगभग 80 फिट की गहराई तक निर्मित है।


मंडी अटेली। देख-रेख अभाव में खंडहर बनी ताजपुर की बावड़ी। फोटोः हरिभूमि

### सीढ़ियां भी लगी

इस बावड़ी के निम्न तल तक पहुंचने के लिए इसमें सीढ़िया भी लगी हुई हैं। ताजपुर निवासी मास्टर जगमाल सिंह, पंचायत समिति सदस्य राजाराम, सूबेदार बनवारी लाल, नेवी पेटी ऑफिसर मनोज शर्मा, शिवकुमार, बाबूलाल, अशोक सेठ तथा रोहतास पटवारी इत्यादि ने बताया कि कुएं से सीधे तौर पर जुड़े होने के कारण यह बावड़ी सदैव शुद्ध जल से परिपूर्ण रहती थी। जो गांव के लोगों के लिए एक महत्वपूर्ण जल स्रोत था। स्थानीय निवासियों ने बताया कि आसपास के गांवों के पुरुष महिलाएं और बच्चे भी इस बावड़ी को देखने के लिए आते थे, लेकिन संरक्षण और देख रेख के अभाव में यह बावड़ी, खंडहर में तब्दील होती चली गई।

### सांसद को भी लिखा था पत्रः सरपंच

स्थानीय लोगों ने प्रशासन से इस बावड़ी को अपने संरक्षण में लेने और इसका जीर्णोद्धार करने की मांग की है, ताकि इसकी ऐतिहासिक और कलात्मक महत्व को बचाया जा सके। इस बारे में सरपंच राजकुमार से बात की गई तो उन्होंने बताया कि ताजपुर की जल बावड़ी के बारे में भिवानी महेंद्रगढ़ लोकसभा सांसद चौधरी धर्मवीर सिंह को भी इसके बारे में एक पत्र दिया गया है, परंतु इसके बारे में अभी तक किसी भी अधिकारी ने कोई संज्ञान नहीं लिया है।